मंच से तारीफ • सिकल सेल के कार्यक्रम में कहा- लाउड स्पीकर वाला फैसला अच्छा था

डॉ. मोहन यादव ने एक महीने में ही दिखा दिया मुख्यमंत्री का दम, शुरुआती फैसले भी बेहद प्रभावी रहे : धनखड़

विशेष संवाददाता | भोपाल

डिंडौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विश्व सिकल सेल दिवस-2024 को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जमकर तारीफ की। उन्होंने डॉ. मोहन यादव द्वारा पहली ही कैबिनेट में लाउड स्पीकर को लेकर लिए गए निर्णय की तारीफ की। उन्होंने कहा- हाथ कंगन को आरसी क्या-पढ़े लिखे को फारसी क्या। आपने एक महीने में ही दुनिया को मुख्यमंत्री का दम दिखा दिया। इनके पहले 2-3 निर्णय ही सबसे प्रभावी रहे। चाहे आदिवासी विकास के निर्णय हों या बाकी निर्णय।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगे कहा कि डिंडौरी में जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च को तेजी से बढ़ाना चाहिए। जिससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। उन्होंने कहा कि उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना में डिंडोरी का विशेष योगदान होगा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और

कार्यक्रम में संबोधित करते धनखड़।

जागरूकता के लिए सभी स्तर पर मिले जुले प्रयासों की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं-समाजसेवियों-चिकित्सकों के समन्वित प्रयासों से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मप्र में 1.90 करोड़ वाले जनजातीय समुदाय में 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से 1.20 लाख व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और शहरी आवासन मंत्री से भी मिले

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले सीएम डॉ. यादव, आगे की योजनाओं की जानकारी दी

भोपाल| मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आवास पर जाकर मुलाकात की। डॉ. मोहन यादव ने उन्हें मध्यप्रदेश में नक्सल नेटवर्क को ध्वस्त करने में मप्र पुलिस को मिली सफलता की जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार की आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में भी बताया। इससे पहले डॉ. मोहन ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों को मध्यप्रदेश से जुड़े रुके हुए प्रोजेक्ट को जल्द मंजूर कराने और नए प्रस्तावों पर जल्द सहमति देने की मांग की। मप्र के कई बड़े प्रोजेक्ट केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की मंजूरी के कारण कई हाईवे और बायपास निर्माण प्रोजेक्ट अटके हुए हैं। मनोहर लाल

अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री।

खट्टर से मिलकर सीएम ने 2028 में सिंहस्थ की तैयारियों की जानकारी देते हुए उज्जैन में जनसुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय मदद मुहैया कराने की मांग की है।